# कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर–चांपा (छ0ग0)

## // विज्ञापन //

क्रमांक/ 1578/ NRLM /जि.पं./2025 जांजगीर, दिनांक 20/03/2025

––0––

अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र पत्र कमांक/306/3433/2024/22–1 नवा रायपुर, दिनांक–17 जनवरी, 2025 एवं राज्य मिशन संचालक एस.आर.एल.एम. प्रकोष्ठ, विकास आयुक्त कार्यालय, विकास भवन नया रायपुर, अटल नगर का पत्र कमांक /3357/वि–6/NRLM/HR&A/2025 नया रायपुर, अटल नगर दिनांक–17.01.2025 के परिप्रेक्ष्य में कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर–चांपा में गठित चयन समिति के अनुशंसा के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला/विकासखण्ड स्तर पर स्वीकृत रिक्त पद लेखा सह एमआईएस सहायक (संविदा) पद हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक–09 अप्रैल, 2025 तक कार्यालयीन समयः– 5.00 बजे तक विज्ञापन में दर्शित शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक दस्तावेजों तथा नवीनतम स्व–प्रमाणित फोटो के साथ कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जांजगीर–चांपा, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) 495668 के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई–मेल या अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र को स्वमेव निरस्त माना जावेगा।

**लेखा सह एमआईएस सहायक–विज्ञापित पद–1 अ.पि.व.(मुक्त)** (वेतनमान एकमुश्त मासिक रू 23350/–)

| क्र | पद का नाम | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता अनुभव व मेरिट अंक का विवरण | मेरिट हेतु अंक निर्धारण (कुल–100 अंक) | अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखा सह एम.आई.एस. सहायक | • शिक्षा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय पर स्नातक उत्तीर्ण।<br>• मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से कम्प्युटर मे एक वर्षीय डिप्लोमा एवं टेली सर्टिफिकेट।<br>• अनुभव–स्नातक उपरांत लेखा से संबंधित 02 वर्षीय शासकीय/अर्द्धशासकीय/शासकीय वित्त पोषित/शासन से अनुदान प्राप्त गैर–शासकीय संस्था से अनुभव | स्नातक में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए। | 35 |
| | | | बारहवीं में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | दसवीं में प्राप्त प्रतिशत् पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | न्यूनतम वांछित अनुभव के पश्चात् प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव हेतु 02 अंक एवं अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव के लिए 01 अंक एवं अधिकतम 05 अंक | 05 |
| | | | कौशल परीक्षा | 10 |

**नियुक्ति का तरीकाः–**

1. प्राप्त आवेदन पत्रों का सूक्ष्म जांच की जाकर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। जो विज्ञापित पदों के दस गुना होगी।
2. **लेखा सह एमआईएस सहायक** हेतु 1:10 मे कौशल परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा।
3. मूल प्रमाण पत्रों की जांच/कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा उपरांत योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा।
4. चयनित अभ्यर्थी के साथ 3 अभ्यर्थी की प्रतिक्षा सूची जारी की जावेगी जो कि एक वर्ष के लिये मान्य होगी।
5. मूल प्रमाण–पत्रों की जांच उपरांत योग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति आदेश नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा जारी किया जावेगा।

# कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर–चांपा (छ0ग0)

**अन्य शर्तेः–**

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन सिर्फ पंजीकृत/स्पीड डाक के माध्यम से दिनांक -09.04.2025 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय पर जिला पंचायत, जांजगीर–चांपा कार्यालय में ही स्वीकार किये जावेंगे। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. पत्राचार हेतु एक खाली लिफाफा 5 रू. डाक टिकट सहित स्वंय का पता लिखा आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
3. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम का स्पष्ट उल्लेख किया जावे, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।
4. आयु न्युनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा छुट के संबंध में छत्तीसगढ़ निवासियों एवं विभिन्न वर्गो के लिये समय–समय पर जारी निर्देश के अनुरूप छूट की पात्रता होगी। आयु की गणना 1 जनवरी, 2025 के आधार पर की जायेगी।
5. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण–पत्र ही मान्य किये जावेंगे।
6. निःशक्तजन को मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. आवेदन में आवेदक का फोटो एवं समस्त प्रमाण–पत्र तथा अंकसूची स्वप्रमाणित सत्यापित होना आवश्यक है। स्वप्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन–पत्र निरस्त माना जावेगा।
8. संविदा नियुक्ति एक वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात आवश्यकता होने पर कार्ययोग्यता कार्यक्षमता, वार्षिक कार्य मूल्यांकन (Annual Performance Appraisal) एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोना पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
9. नियुक्ति में सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रं. एफ. 9–1/2012/1–3 दिनांक– 31 दिसंबर, 2012 के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्ते लागू होंगी।
10. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 से शासित होंगे।
11. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
12. संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
13. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेशन, उपादान या मृत्यु–लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।
14. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों को मेरिट आधार पर सूचीबद्ध किया जायेगा और उनको कौशल परीक्षा के लिए बुलाया ज़ायेगा तदुपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जायेगा।
15. अनुभव प्रमाण–पत्र (आवेदित पद हेतु निर्धारित योग्यता से संबंधित हो) केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय/शासकीय वित्त पोषित/शासन से अनुदान प्राप्त गैर–शासकीय संस्थाओं के ही मान्य होगे। समकक्ष पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को नियमानुसार अनुभव का अंक प्रदान किये जायेंगे।
16. आवेदन करने के समय अनुभव प्रमाण–पत्र जारी करने वाले संस्थान का नाम पूर्ण पता व अनुभव हेतु जारी कार्यालय आदेश क्रमांक, दिनांक एवं जारीकर्ता अधिकारी का नाम एवं पदनाम, संपर्क हेतु संबंधित का दूरभाष नंबर तथा ईमेल की जारकारी अनिवार्य रूप से दिया जावे। अन्यथा इसके अभाव में आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव को मान्य न करते हुए अपात्र की श्रेणी में रखा जायेगा, जिसके लिये अवेदक को निरंतर 01 वर्ष प्रमाणित पे–स्लीप एवं बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। पदवार अनुभव हेतु प्रस्तुत दस्तावेज मान्य/अमान्य किये जाने के संबंध में अंतिम निर्णय चयन समिति के पास सुरक्षित होगा।
17. छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का पद से संबंधित समकक्ष कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थी को अनुभव के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिये 01 अंक एवं अधिकतम 05 अंक प्रदान किया जावेगा।

Neeti

# कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर–चांपा (छ0ग0)

18. शैक्षणिक योग्यता, अनुभव का अंक एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंक को मिलाकर सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले आवेदक को मूल प्रमाण–पत्र (दस्तावेज) सत्यापन उपरांत ही नियुक्ति आदेश दिया जावेगा एवं सूची में क्रमशः वरीयता के आधार पर अंक पाने वाले आवेदक को एक वर्ष के लिये प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा। भविष्य में पद रिक्त होता है तो 03 आवेदक को क्रम में प्रतीक्षा सूची से भरा जावेगी।
19. लेखा सह एमआईएस सहायक पद हेतु लिखित/कौशल परीक्षा का आयोजन किया जावेगा।
20. यदि किसी आवेदक के अंकसूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया हो तो उन आवेदकों को उस ग्रेड का औसत प्रतिशत अंक प्रदान किया जावेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी आवेदक को 8वीं में ए ग्रेड मिला हो तथा ए ग्रेड 80 से 90 प्रतिशत तक हो तो, उस आवेदक के अंक को 85 प्रतिशत मानकर वरीयता सूची तैयार की जावेगी।
21. समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता उनके उम्र के आधार पर निर्धारित की जावेगी, जिसके अनुसार अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन पहले किया जावेगा।
22. शासकीय/गैर–शासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक द्वारा अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापति प्रमाण–पत्र सहित प्रस्तुत किया जावेगा।
23. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में सेवा अनुशासनहीनता/अनुचित व्यवहार/स्वेच्छाचरिता या अनियमितता के आधार पर छत्तीसगढ़ आजीविका संवर्धन समिति से अथवा अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा किसी भी पद से पृथक किय गया हो, चयन के लिए पात्र नहीं होगे। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।
24. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रृटिपूर्ण आवेदन पर निरस्त कर दिया जावेगा एवं पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
25. आवेदक, जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
26. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किय हो जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नि जीवित हो, पात्र नहीं होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि शासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।
27. आवेदन के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज/अंकसूची/अनुभव प्रमाण–पत्र/जाति/निवास/एवं अन्य प्रमाण–पत्र आवेदन तिथि के पूर्व जारी प्रमाण–पत्र ही मान्य होगें।
28. पदों की संख्या में परिवर्तन संभावित है।
29. विज्ञापन में पदवार जिले का रोस्टर लागू होगा।
30. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप जिला पंचायत, जांजगीर–चांपा (छ.ग.) के सूचना पटल, जिला प्रशासन, जांजगीर–चांपा के वेबसाईट www.janjgir-champa.gov.in छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' की वेबसाइट www.bihan.gov.in से अवलोकन/डाउनलोड किया जा सकता है।
31. यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करता है या प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।
32. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार मुख्य कार्यापालन अधिकारी, जिला पंचायत जांजगीर–चांपा, छत्तीसगढ़ के पास सुरक्षित रहेगा।
33. मिशन संचालक SRLM विकास आयुक्त कार्यालय, विकास भवन अटल नगर, नवा रायपुर के निर्देशानुसार नियमों में परिवर्तन मान्य होगा।

20.03.25

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत जॉजगीर–चांपा

# कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर–चांपा (छ0ग0)

संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

आवेदित पद का नाम............................................

स्व–प्रमाणित फोटो चस्पा करें

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत जांजगीर–चांपा
छत्तीसगढ़

1. आवेदक का पूरा नाम (अ) हिन्दी में :– ..............................................................................
   (ब) अंग्रेजी में :– ..............................................................................
2. लिंग (महिला/पुरूष/तृतीय लिंग) :– ..............................................................................
3. जन्म तिथि (अ) अंको में :– ..............................................................................
   (ब) शब्दों में :– ..............................................................................
   (स) दिनांक 01.01.2025 को आयु वर्ष :– ..............................................................................
4. पिता/पति का नाम :– ..............................................................................
5. वर्ग (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा/अपिव) :– ..............................................................................
6. मूल निवास राज्य जिला विकासखण्ड गांव/शहर

   ..............................................................................

7. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी) :– ..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

8. स्थायी पता (हिन्दी में) :– ..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

9. मोबाईल नम्बर :– ..............................................................................
10. ई–मेल आईडी :– ..............................................................................
11. आधार नम्बर :– ..............................................................................
12. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | डिग्री / डिप्लोमा | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक का प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |

# कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर–चांपा (छ0ग0)

13. अनुभव का विवरण :–

| क्र. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | वर्ष | माह |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

14. वैवाहिक स्थिति :–

क. विवाहित / अविवाहित :– ..........................................................................

ख. विवाहित होने पर निम्न जानकारी भरी जावे :– ...........................................................

विवाह का दिनांक :– ..........................................................................................

ग. परिवार के संतान का विवरण :–

| क्र. | नाम | पुत्र / पुत्री | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

15. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची।

1. ..........................................................................................
2. ..........................................................................................
3. ..........................................................................................
4. ..........................................................................................
5. ..........................................................................................
6. ..........................................................................................
7. ..........................................................................................

..............................................

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

<u>घोषणा–पत्र</u>

मैं एतद् द्वारा घोषण करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारियां पूर्ण एवं सत्य है। चयन होने तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर जानकारियॉ असत्य पाये जाने पर मेरी आवेदन निरस्त कर मेरे विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांक :– ..............................................

स्थान :– ..............................................

..............................................

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर